राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 01 सितम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीरवार को राजभवन में आयुर्वेदिक पंचकर्मा केन्द्र का उद्धघाटन किया। इस पंचकर्मा केंद्र का लाभ राजभवन परिसर के सभी कर्मचारी ले सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि पंचकर्म आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की यह विशिष्टता है कि जो रोग अन्य औषधियों से उपचारित नहीं हो पाते, वे पंचकर्म से सहजता से ठीक किये जा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, और हमारे ऋषि मुनियों द्वारा आयुर्वेद के रूप में यह उपहार दिया गया है। आयुर्वेद को हम अपनी जीवन शैली का हिस्सा बना कर, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क दोनों प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज योग, आयुर्वेद, वैश्विक स्तर पर जीवन शैली के महत्वपूर्ण अंग बन चुके हैं।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव आयुष डा.पंकज कुमार पाण्डे, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्रीमती स्वाती एस भदौरिया के अलावा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन टेली0 फै0–0135.2756172